बालभवन बालिका विद्यापीठ लखीसराय

कक्षा – चतुर्थ **दिनांक -09 - 01- 2021**

विषय -हिन्दी **विषय शिक्षक -पंकज कुमार**

एन, सी, ई, आरटी, पर आधारित

सुप्रभात बच्चों आज लिंग के बारे में पुनः अध्ययन करेंगे ।

लिंग

प्रश्न:

लिंग किसे कहते हैं? इसके भेद बताओ।

उत्तर:

लिंग- संज्ञा के जिस रूप से स्त्री या पुरुष जाति का बोध हो, उसे 'लिंग' कहते - हैं। इसके दो भेद होते हैं-

1. पुल्लिग
2. स्त्रीलिंग।

(1) पुल्लिग- जिस शब्द से पुरुष जाति का बोध हो, उसे पुल्लिग कहते हैं; जैसे-राम, घोड़ा, लोटा आदि।

(2) स्त्रीलिंग- जिस शब्द से स्त्री जाति का बोध हो, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं; जैसेसीता, घोड़ी, लुटिया, रोटी आदि।

कुछ अन्य उदाहरण-

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
बेटा	बेटी	पुत्र	पुत्री
घोड़ा	घोड़ी	पिता	माता
चाचा	चाची	देव	देवी

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
दादा	दादी	बकरा	बकरी
लड़का	लड़की	शेर	शेरनी
राजा	रानी	साँप	साँपिन
लोटा	लुटिया	ऊँट	ऊँटनी